# कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।

**पत्रांक** 1150 / पी-15 / 85 **दिनांक :–** 04/06/26

**सेवा में,**

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),**
प्रधान कार्यालय, 6, राणा प्रताप मार्ग,
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **हिन्दुस्तान श्रावस्ती में प्रकाशित विषय "15 जून तक पूरा कराये अधूरें काम, चालू कराये पानी टंकियॉं" पेपर कटिंग के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 03.06.2026 को हिन्दुस्तान श्रावस्ती में प्रकाशित विषय "15 जून तक पूरा कराये अधूरें काम, चालू कराये पानी टंकियॉं" के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 02.06.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, महोदया श्रावस्ती की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदया, श्रावस्ती द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में अवगत कराना है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत फेज–2 मे कार्यरत फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो को आवंटित 124 नग योजनाओ के सापेक्ष मात्र 52 नग योजनायें तथा फेज–5 मे कार्यरत फर्म मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. (जे.वी.) को आवंटित 165 नग पाइप पेयजल योजनाओ के सापेक्ष वर्तमान तक मात्र 22 नग पाइप पेयजल योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में लिया गया है, जबकि सम्बन्धित फर्मो द्वारा निर्धारित कुल 96 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 74 नग पाइप पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में लिया गया है। शेष पाइप पेजयल योजनाओं पर फर्मो द्वारा मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को 15 जून, 2026 तक अनुरक्षण एवं संचालन में करा लिया जाएगा, साथ ही 150 नग "हर घर जल" रिपोर्टेड राजस्व ग्राम एवं 117 नग सर्टिफाईड राजस्व ग्राम के बीच की गैपिंग को पूर्ण कराया जाएगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(मोहम्मद इमरान)
अधिशासी अभियन्ता

*__पृष्ठांकन संख्या एवं तददिनांक__*

*__प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–__*

1. मुख्य अभियन्ता (गो.क्षे.) उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) गोण्डा।
3. जिलाधिकारी, श्रावस्ती।
4. मुख्य विकास अधिकारी, श्रावस्ती।

अधिशासी अभियन्ता